Digital Coverage

E-link	https://m.apnnews.in/article/annual-day-euphoria-in-greater-noida/554966
Website	https://apnnews.in/

Annual Day ‘Euphoria’ में छात्राओं ने किया कमाल, स्केटिंग, ताइक्वांडो और रेस में शानदार प्रदर्शन

Annual Day 'Euphoria': छात्राओं ने मूल मंत्र “जागरूकता ,जागरण एवं जीत के साथ-साथ खेलकूद, सामाजिकता, सामंजस्य, धैर्य एवं अनुशासन के जरिये प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि स्कूल के चैयरमेन अनिल सचदेवा एवं डायरेक्टर दीपक जैन का स्वागत किया गया

Annual Day ‘Euphoria’: क्रिसमस 2022 के मौके पर दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।ग्रेटर नोएडा के क्वींस कार्मेल विद्यालय में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम “यूफोरिया” की धूम रही।इसी कड़ी में छात्राओं ने मूल मंत्र “जागरूकता ,जागरण एवं जीत के साथ-साथ खेलकूद, सामाजिकता, सामंजस्य, धैर्य एवं अनुशासन के जरिये प्रस्तुत किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि स्कूल के चैयरमेन अनिल सचदेवा एवं डायरेक्टर दीपक जैन का स्वागत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल सचदेवा एवं दीपक जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि और चेयरमैन ने अपने भाषण से छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और उन्हें प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ पूरी करने की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रमुख संध्या कुमारिया ने मुख्य अतिथि, प्रबुद्ध जनों और अभिभावकों का स्वागत किया और छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर कक्षा चार, पांच एवं छह की छात्राओं ने गणेश वंदना पर योग नाट्यम कर मन, मस्तिष्क और आत्मा का परमात्मा से संगम दर्शाया।ताइक्वोंडो ड्रिल में सभी छात्राओं ने अपने प्रशिक्षण के दौरान सीखे अपनी आत्मसुरक्षा की प्रतिभा एवं शक्ति का परिचय दिया।

Annual Day 'Euphoria': स्केटिंग के जरिये 'जय हो गीत' में दिखाई प्रितभा

Annual Day 'Euphoria': इस मौके पर स्केटिंग के साथ ही जय हो गीत पर छात्राओं ने बड़ी ही सुंदर प्रस्तुति दी। इस दौरान छात्राओं की स्फूर्ति, लचक और मानसिक संतुलन वाकई देखने लायक था।उनकी प्रस्तुति देखकर सभी अतिथियों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया।

अगली प्रस्तुति में कक्षा नर्सरी और केजी की थंबलिना, टयूलिप, लिली, जैसमिन, डैफोडिल की छात्राओं ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया।नन्हे-कदमों और एकाग्रता के बीच छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन पर तालियां बटोरीं।

Annual Day 'Euphoria': रेडी टू स्कूल और लॉक एंड रन रेस में दिखा जोश

Annual Day 'Euphoria': इस दौरान कक्षा डैफोडिल ने रेडी टू स्कूल रेस में अपने स्कूल बैग के अंदर टिफ़िन बॉक्स, पानी की बोतल, नोटबुक, पेंसिल बॉक्स और अपनी स्कूल डायरी खुद रखकर अपने स्वालंबन का परिचय दिया।

कक्षा मैरीगोल्ड की छात्राओं ने लॉक एंड रन रेस में एक-दूसरे की बांह थामकर चलने की रेस पूरी की।

हॉप एंड बीट रेस में कक्षा तीन की छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ इसमें भाग लिया, सभी बाधाओं को पारकर दौड़ पूरी की। इस दौरान मौजूद दर्शकों, अभिभावकों एवं अतिथियों ने सभी छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

Annual Day 'Euphoria': रिले रेस के जरिये दिया एकता का संदेश

इस मौके पर कक्षा 4 से 6 तक की छात्राओं ने रिले रेस के जरिये एकता और सामंजस्य का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख ने प्रतिभाशाली छात्राओं उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।कार्यक्रम के समापन पर अपने **संबोधन** में विद्यालय की अकादमिक समन्यक शालिनी मिश्रा ने मुख्य अतिथि अनिल सचदेवा, दीपक जैन समेत उपस्थित प्रबुद्धजनों एवं अभिवावकों को धन्यवाद दिया।